उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

निकट–महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कालेज, थानों रोड, रायपुर, देहरादून।

(दूरभाष / फैक्स–0135–2669658 ई–मेल–chayanayog@gmail.com)

संख्या–98 /संवाद/2023, दिनांक–16 जून,2023

संवाद

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आज दिनांक–16.06.2023 को तीन महत्वपूर्ण परीक्षाओं का परिणाम जारी किया गया है। जिनका विवरण निम्नवत है–

1. वन दरोगा परीक्षा

- आयोग द्वारा दिनांक–11.06.2023 को पदनाम वन दरोगा (वन विभाग) की लिखित प्रतियोगी पुनर्परीक्षा का आयोजन राज्य के 08 जनपदों के कुल 139 परीक्षा केन्द्रों पर किया गया था। परीक्षा के दिन ही आयोग द्वारा उत्तर कुंजियां प्रकाशित की गयी। परीक्षा के रिकॉर्ड 05 दिनों के भीतर आयोग द्वारा पदनाम–वन दरोगा (वन विभाग) के रिक्त/अधियाचित 316 पदों के सापेक्ष 615 अभ्यर्थियों को शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा हेतु सफल घोषित किया गया है। सफल अभ्यर्थियों की शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा दिनांक–27.06.2023 से प्रस्तावित है।

2. कनिष्ठ सहायक परीक्षा

- आयोग द्वारा पदनाम–कनिष्ठ सहायक एवं इण्टरमीडिएट स्तरीय समान अर्हता के अन्य पद की भर्ती परीक्षा का अन्तिम परिणाम घोषित किया गया है। 761 पदों के सापेक्ष आयोग द्वारा 540 अभ्यर्थियों की अन्तिम चयन संस्तुतियां नियोक्ता विभागों को प्रेषित की गयी है। शेष रिक्त 221 पदों पर अन्तिम परिणाम/चयन संस्तुतियां कतिपय श्रेणियों में पर्याप्त अभ्यर्थियों के न मिल पाने के कारण रोकी गयी है। कुछ श्रेणियों में पर्याप्त अभ्यर्थी होने के बावजूद उनका परिणाम घोषित इसलिए नहीं किया गया जा सका क्योंकि कतिपय श्रेणियों में पर्याप्त अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं हो सके और इन दोनो के परिणाम एक दूसरे के परिणाम को प्रभावित करते हैं।
- आयोग द्वारा पदनाम–कनिष्ठ सहायक एवं इण्टरमीडिएट स्तरीय समान अर्हता के अन्य पद के अभिलेख सत्यापन हेतु 53 अभ्यर्थियों की द्वितीय औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची जारी की गयी है, जिनका अभिलेख सत्यापन दिनांक 20.06.2023 को प्रस्तावित है। अभिलेख सत्यापन के पश्चात अवशेष रिक्त पदों पर अन्तिम परिणाम जारी किया जायेगा।

3. मुख्य आरक्षी (पुलिस दूरसंचार विभाग) परीक्षा

- आयोग द्वारा पदनाम–मुख्य आरक्षी (पुलिस दूरसंचार विभाग) के रिक्त 272 पदों के सापेक्ष लिखित एवं शारीरिक माप–जोख परीक्षण में सफल 342 अभ्यर्थियों के अभिलेख सत्यापन हेतु औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची जारी की गयी है। जिनका अभिलेख सत्यापन दिनांक–21.06.2023 से प्रस्तावित है।

ज्ञातव्य है कि उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा पदनाम रक्षक (सचिवालय सुरक्षा संवर्ग) की लिखित प्रतियोगी पुनर्परीक्षा का परिणाम रिकॉर्ड 05 दिनों में जारी कर दिया गया था तथा अंतिम परिणाम रिकॉर्ड 25 दिनों में दिनांक–15.06.2023 को घोषित कर, अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों की चयन संस्तुतियां सम्बन्धित नियोक्ता विभाग को प्रेषित की जा चुकी हैं। अब उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा वन दरोगा भर्ती की लिखित परीक्षा का परिणाम 05 दिनों में जारी कर दिया गया है।

(सुरेन्द्र सिंह रावत)

सचिव।